This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक................

1992

**B.A. (Hons.) Programme** **D**

Discipline Centred Concurrent Course

HINDI LITERATURE

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी.ए. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं। नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जायेगा।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निर्गुण काव्यधारा की विशेषताओं का आकलन कीजिए।

**अथवा**

रीतिकाल के विभिन्न नामों का परिचय दीजिए। 4

P.T.O.

(ख) आधुनिक चेतना का आशय स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

आधुनिक बोध और मध्यकालीन बोध में क्या अन्तर है ?

(ग) भारतेन्दुयुगीन साहित्य पर नवजागरण के प्रभाव की पहचान कीजिए। 3

**अथवा**

द्विवेदीयुगीन काव्य की सामाजिक चेतना पर विचार कीजिए।

2. (क) 'कुकुरमुत्ता' कविता की मूल संवेदना का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

'बालिका का परिचय' कविता में अभिव्यक्त मातृत्व के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए। 7

(ख) किन्हीं **दो** पद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) लेकिन, होता भूडोल, बवंडर उठते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है,
दो राह, समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

(*i*) प्रस्तुत कविता का शीर्षक बताते हुए इसके रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(*ii*) "लेकिन होता भूडोल, बवंडर उठते हैं" से क्या तात्पर्य है ? 1

(*iii*) "सिंहासन खाली करो" किसके लिए कहा गया है ? 1

(2) हो गयी है पीर पर्वत-सी पिघलनी चाहिए,
इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।

P.T.O.

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के शीर्षक और रचनाकार का नाम बताइए। 2

(*ii*) "आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी" से क्या तात्पर्य है ? 1

(*iii*) "पीर पर्वत सी" का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(3) राष्ट्रगीत में भला कौन वह
भारत-भाग्य-विधाता है,
फटा सुथन्ना पहने जिसका
गुन हरचरना गाता है।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का नाम लिखिए तथा कविता का शीर्षक बताइये। 2

(*ii*) 'फटा सुथन्ना' शब्द का भाव स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) 'भारत-भाग्य-विधाता' किसके के लिए कहा गया है। 1

3\. (क) 'विज्ञापन में बिकती नारी' में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'घर जोड़ने की माया' निबंध के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए। 7

(ख) किन्हीं **दो** गद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) 'तेरी कुड़माई हो गयी' ? और उत्तर वही 'धत्' मिला। एक दिन जब फिर लड़के ने वैसी ही हँसी में चिढ़ाने के लिए पूछा तो लड़के की संभावना के विरुद्ध बोली, "हाँ, हो गयी"। "कब" ? "कल" देखते नहीं यह रेशम से कढ़ा हुआ सालू।" लड़की भाग गई। लड़के ने घर की राह ली।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके लेखक कौन हैं ? 2

(*ii*) इस गद्यांश से भारत के किस राज्य की संस्कृति का पता चलता है ? 1

(*iii*) 'कुड़माई' का अर्थ बताइए। 1

(2) चोरी और सीनाजोरी! देवी जी दाँत पीसकर रह गईं। मारतीं तो उसी दम स्नान करना पड़ता। छड़ी तो हाथ में लेनी ही पड़ती और छूत का विद्युत-प्रवाह इस छड़ी के रास्ते उनकी देह में पैवस्त हो जाता, इसलिए जहाँ तक गालियाँ दे सकीं दीं और हुक्म दिया कि अभी-अभी यहाँ से निकल जा।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से उद्धृत है, उसके लेखक का नाम बताइये। 2

(*ii*) 'चोरी और सीना जोरी' से क्या तात्पर्य है ? 1

(*iii*) 'दांत पीसकर रह जाना' मुहावरे का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(3) 'चरित्रहीन व्यक्ति दूसरों पर जितना संदेह करता है, उतना सच्चरित्र नहीं।' झनकू भी इसका अपवाद नहीं था। अब तक जिस पत्नी के लिए उसने रत्ती भर चिन्ता का कष्ट नहीं उठाया, उसी की पहरेदारी का पहाड़-सा भार वह सुख से ढोने लगा।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइये। 2

(*ii*) ''चरित्रहीन व्यक्ति दूसरों पर क्यों संदेह करता है ? 1

(*iii*) 'पहाड़-सा भार' का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

4. (क) किसी **एक** उपन्यास से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) बेबी के चरित्र की **दो** प्रमुख विशेषताएँ बताइये।

(*ii*) ब्रेबी और डी.डी. की मुलाकात कहाँ और कैसे हुई ?

(*iii*) देवीदत्त तिवारी और सुषमा के बीच किस प्रकार का रिश्ता था ?

**अथवा**

(*i*) राग दरबारी उपन्यास का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(*ii*) रंगनाथ कौन है ? वह शिवपालगंज क्यों आया था ?

(*iii*) खन्ना मास्टर ने इस्तीफा क्यों दिया ? 5

(ख) किसी **एक** नाटक से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) महाराज ययाति कौन थे ? वे किस बात के लिए प्रसिद्ध थे ?

(*ii*) गालब को अवश्मेधी घोड़े जुटाने के लिए क्या प्रयास करने पड़े ?

(*iii*) माधवी को कौनसे वरदान प्राप्त थे ?

**अथवा**

(*i*) रामचन्दर ने किस पर गोली चलायी ?

(*ii*) रामचन्दर अच्छा खिलाड़ी किसकी वजह से नहीं बन पाया ?

(*iii*) 'कोर्टमार्शल' का प्रमुख पात्र कौन है ? 5